# लाखों की सागौन लकड़ी बरामद

## शारिक मछली के ममेरे भाई के कारखाने, फार्म हाउस पर कार्रवाई, आरोपी फरार

**बेगमगंज, 5 नवंबर. वन विभाग की टीम ने ऑपरेशन चेकबुड के तहत शारिक मछली के मामा के लड़के (ममेरे भाई) के फर्नीचर कारखाने और फॉर्म हाउस से लाखों रुपये की सागौन की लकड़ी बरामद की है.**

डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के निर्देशानुसार रेंजर अरविंद अहिरवार के मार्गदर्शन में वनकर्मियों की टीम ने कुख्यात शारिक मछली के मामा प्यारे ठेकेदार के पुत्र वनमाफ़िया शकील अहमद जो कि पूर्व में मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष रहा है एवं उसके छोटे भाई नवेद अहमद के घर पर स्थित अवैध फर्नीचर कारखाने एवं फॉर्म हाउस पर छापेमारी करते हुए लाखों रुपये मूल्य की सागौन की गोलान लकड़ी, एवं फर्नीचर सहित स्टॉक करके रखी गई सागौन की लकड़ी जिसमें बहुत मोटे -मोटे बड़े-बड़े कटे हुए पेड़ की सिल्लियां एवं पटिए व चिरान ट्रॉलियां कीमत



5 लाख सहित भारी मात्रा में औजार, मिनी आरामशीन सहित फर्नीचर बनाने की सामग्री जब्त की है. इसके अतिरिक्त सागर जिले के राहतगढ़ वन परिक्षेत्र से बड़ी मात्रा में सागौन की लकड़ी काटकर तस्करी में लगी एक 5 लाख रुपए मूल्य की क्वालिस जीप भी जब्त की है. बताया गया है कि ये लकड़ी राहतगढ़ के जंगल से लकड़ी काटकर लाई जाती थी. अवैध सागौन की लकड़ी का कारोबार पिछले 20 वर्षों से दोनों भाइयों के द्वारा किया जा रहा था. राजनीति की आड़ में अब तक यह लोग बचते आ रहे थे, लेकिन डीएफओ के तीखे तेवरों ने बता दिया कि जिले में अब कुछ गलत नहीं चलेगा.

रेंजर अहिरवार ने बताया कि आरोपी शकील अहमद पठान व नवेद पठान पिता अब्दुल कदीर उर्फ प्यारे ठेकेदार के घर पर स्थित फर्नीचर कारखाने एवं पास के फॉर्म हाउस से करीब 9 घनमीटर मूल्य 5 लाख एवं एक 5 लाख की जीप जिसमें सागौन की कटी हुई गोल लकड़ी रखी थी सहित भारी मात्रा में औजार जब्त किए गए हैं. दोनों आरोपी भाई शकील पठान एवं नवेद पठान फरार हो गए हैं . उनके विरुद्ध वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# गुरु नानक देव जी ने लगाया था पवित्र दीवान

## गुरु नानक जयंती विशेष... इसलिए नगर का नाम पड़ा दीवानगंज

**अदनान खान, नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 5 नवंबर. देशभर में गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है. सिख धर्म के प्रथम गुरु और संत-यात्री गुरु नानक देव जी का जीवन प्रेम, समानता, सेवा और मानवता का एक अद्भुत संदेश देता है. इसी पावन अवसर पर रायसेन जिले में स्थित छोटा सा नगर दीवानगंज श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का केंद्र बना हुआ है.**

ऐतिहासिक मान्यता है कि अपने यात्राओं (उदासियों) के दौरान गुरु नानक देव जी यहां पधारे थे. कहा जाता है कि उन्होंने यहीं पर एक दिव्य दीवान लगाया था और अपने पवित्र चरणों के चरण चिह्न स्थापित किए थे, जो आज भी यहां सुरक्षित मौजूद हैं. इसी पवित्र दीवान के कारण ही इस स्थान का नाम आगे चलकर 'दीवानगंज' पड़ा. यानी जहाँ गुरु नानक ने दीवान लगाया, वही आगे



चलकर दीवानगंज कहलाया. स्थानीय परंपरा के अनुसार, जब लोगों ने जल संकट की समस्या बताई, तो गुरु नानक देव जी की कृपा से यहां जल प्रकट हुआ और उसी स्थान पर आज प्राचीन बावड़ी स्थित है, जो श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है. समय के साथ इस स्थल पर एक गुरुद्वारा का निर्माण किया गया, जहां हर वर्ष गुरु नानक जयंती पर विशेष कीर्तन, अरदास और लंगर का आयोजन होता है. भले ही यह स्थान मध्यम प्रदेश के बड़े प्रमुख गुरुद्वारों जितना प्रसिद्ध नहीं है, फिर भी स्थानीय सिख समाज और आसपास के ग्रामीणों के लिए यह अत्यंत पावन धाम है. इस वर्ष 5 नवंबर को गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर दीवानगंज गुरुद्वारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर चरण चिह्नों के दर्शन किए, गुरु नानक देव जी का यही संदेश आज भी यहां महसूस होता है- 'न कोई ऊँच, न कोई नीच- सब एक नूर से पैदा हुए हैं. दीवानगंज का यह पावन स्थल न केवल इतिहास का साक्षी है, बल्कि भक्ति, प्रेम और सद्भावना की अनवरत धारा भी है.

## एक नजर में



### भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा

**बाड़ी, 5 नवंबर.** खेड़ापति धाम बाड़ी कलां से बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. यहां गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा और श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ का आयोजन होगा. कलश यात्रा में रथ पर वृंदावन धाम के कथावाचक पं. प्रीतमानंद महाराज विराजमान थे. बैंड बाजे, डी.जे के धुन पर युवा नाच रहे थे. कलश यात्रा का भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. यात्रा 2 घंटे के उपरांत खेड़ापति धाम पहुंची यहां पर विधि विधान से श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा पूर्व सभी कार्यक्रम विधि विधान से किए गए. 6 नवंबर गुरुवार को शक्ति धाम पर श्रीमद्भगवत कथा दोपहर 2 से 5 तक आयोजित की जाएगी श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ की आहुति एवं विशेष भजन संध्या के आयोजन के साथ बड़े-बड़े आयोजन किए जाएंगे.

### समाज में साहित्य लोकमानस तक पहुंचना चाहिए

**भोपाल, 5 नवम्बर.** समाज में साहित्य लोकमानस तक पहुंचना चाहिए. लेखन से पूर्व साहित्यकारों को चिंतन, मनन और अध्ययन करना चाहिए. राष्ट्र और समाज के सामयिक बिंदुओं पर विचार करते हुए हमें साहित्य सृजन की आवश्यकता है. अर्चना प्रकाशन न्यास भोपाल द्वारा आयोजित लेखक साहित्यकारों के दीपावली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रचार प्रमुख कैलाश शर्मा ने यह बात कही. उन्होंने कहा कि भारत का परिवार विश्व के लिए आदर्श है, परन्तु कई समस्याओं के कारण आज संयुक्त परिवार एकल परिवार में बिखर रहे हैं. परिवारों को बचाने के लिए संस्कारों पर ध्यान देना आवश्यक है. बाज़ारवाद और भ्रमित करने वाली सूचनाओं से हमें सावधान रहना चाहिए. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के संघचालक पूर्व न्यायविद अशोक पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. आरंभ में न्यास अध्यक्ष लाजपत आहूजा सहित अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया. स्वागत वक्तव्य निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दिया. प्रबंध न्यासी राकेश जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया. कार्यक्रम में पांच पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया. इस अवसर पर हेमंत मुक्तिबोध, डॉ उमेश सिंह, महेश सक्सेना, डॉ गोपेश वाजपेयी, डॉ भंवरलाल श्रीवास सहित अनेक लेखक, साहित्यकार तथा पत्रकार उपस्थित थे.

### शिवपुराण कथा का शुभारंभ आज

**भोपाल, 5 नवंबर.** श्री बालाजी भक्त परिवार के तत्वावधान में गुरुवार 6 नवंबर से सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कलशयात्रा के साथ प्रारंभ होगा. आयोजक सुनील एवं प्रशांत गुप्ता ने बताया राम जानकी हनुमान मंदिर अयोध्या नगर से सुबह 10 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी, सिर पर कलश रखे महिलाएं एवं कथावाचक पंडित रमाकांत व्यास वृंदावन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. कथा स्थल पर लगभग 4हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है. कथा के प्रथम दिवस द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी एवं भगवान शंकर का अभिषेक व पूजन विशेष रूप से होगा. कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 :30 बजे तक होगी.

# मेड़ के विवाद में चली तलवार, पांच घायल

**▸ कोतवाली थाना क्षेत्र के सिलपुरी गांव में हुआ झगड़ा**

**रायसेन, 5 नवंबर. थाना कोतवाली के अंतर्गत आने वाले सिलपुरी गांव में खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में पांच लोग घायल हो गए. एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तलवार और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं.**



सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है. घायलों ने बताया कि आरोपियों ने खेत की मेड़ पर खंभे गाड़ दिए थे. बुधवार को जब उनसे इन खंभों को हटाने के लिए कहा गया, तो पहले से घात लगाए बैठे मुन्ना, द्वारका, अनिल और महेश ने उन पर हमला कर दिया. इस हमले में परशुराम शर्मा, रामबाबू शर्मा, हरिओम शर्मा, रामेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा और राहुल शर्मा घायल हुए हैं. सभी के सिर और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं. थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि सिलपुरी में विश्वकर्मा और शर्मा परिवारों के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ था. उन्होंने पुष्टि की कि सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनसे पूछताछ की जा रही है. हमला करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा.

## प्रतापगढ़ आवास कलस्टर प्रभारी निलंबित

**सिलवानी, 5 नवंबर.** रायसेन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024-25 की किस्तवार और आवास निर्माण प्रगति की कलस्टरवार और जनपदवार समीक्षा करते हुए प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर सिलवानी क्षेत्र के चार एडीईओ को नोटिस जारी किया है. बैठक में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024-25, आदि की समीक्षा. सिलवानी में आवास प्रभारी की 7 दिन का वेतन रोकने, क्लस्टर प्रभारी प्रतापगढ़ की प्रगति कम होने पर निलंबन की कार्रवाई की गई. सियरमऊ आवास क्लस्टर प्रभारी की प्रगति निम्न होने के कारण आवास क्लस्टर प्रभारी को भी नोटिस जारी किया गया.

## एथलीट समीर ने आयरमैन मलेशिया में जीते दो खिताब

**भोपाल, 5 नवंबर.** भोपाल के एक युवा एथलीट समीर ने दुनिया की पाँच सबसे कठिन आयरनमैन दौड़ों में से एक, आयरनमैन मलेशिया प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस असाधारण उपलब्धि के साथ, उन्होंने न केवल दो प्रतिष्ठित खिताब जीते, बल्कि मध्य प्रदेश के सबसे कम उम्र के आयरनमैन भी बन गए. उष्णकटिबंधीय द्वीप लंगकावी में आयोजित आयरनमैन मलेशिया अपनी अत्यधिक गर्मी, आर्द्रता और चुनौतीपूर्ण भूभाग के लिए प्रसिद्ध है. प्रतिभागियों को एक ही दिन में 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी मैराथन दौड़ पूरी करनी होती है. 13 प्रमुख खड़ी चढ़ाई वाले बाइक कोर्स ने प्रत्येक प्रतियोगी की सहनशक्ति की परीक्षा ली.



## गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

### सिंधी समाज ने देश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए की प्रार्थना

**रायसेन, 5 नवंबर. रायसेन में सिंधी समाज गुरु नानक देवजी के 556 वें प्रकाश पर्व पर बुधवार को सुबह मुखर्जी नगर गुरुद्वारा से बैंड-बाजों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई.**

सिंधी समाज के अध्यक्ष मोहन दास लालवानी और केपी लालवानी ने बताया कि प्रकाश पर्व को लेकर पिछले पांच दिनों से प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही है. इस वर्ष भी कार्यक्रम उत्साह और श्रद्धा के साथ रखा गया है. समाज पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व पर देश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई. आयोजन में सिंधी समाज के लक्ष्मण दास खूबचंदानी, निर्मल वासवानी, खयाल दास खूबचंदानी, नवीन खूबचंदानी, ललित लालवानी, मोहन लालवानी, भावेश खूबचंदानी, सनी खूबचंदानी, मनोज लालवानी, महेश लालवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

# बैकुंठ चतुर्दशी, महिलाओं ने किया तुलसी पूजन

**▸ भैरव मंदिर में की पूजा-अर्चना, दान और दीपदान किया**

**उदयपुरा. 5 नवंबर. नगर के छतवाले कुएँ के नजदीक स्थित भैरव मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में कार्तिक मास स्नान करनेवाली महिलाएं एकत्रित होकर तुलसी मैया की प्रतिदिन सामूहिक पूजन अर्चन और परिक्रमा करती हैं.**

मंगलवार बैकुंठ चतुर्दशी को प्रात:काल.कार्तिक मास स्नान करने वाली महिलाओं ने रोजाना की तुलसी पूजन के बाद ,वहाँ उपस्थित पंडित जी को दान, दीपदान कर अपने कार्तिक मास स्नान का उद्यापन किया. यह आयोजन कार्तिक मास के प्रथम दिन से ही शुरू हुआ था. जिसका समापन कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन महिलाओं द्वारा किया जायेगा. नित्य ही ब्रह्म मुहूर्त में नित्यकर्म से निवृत्त होकर



महिलाएं कार्तिक मास स्नान करके भैरव मंदिर पर एकत्रित होकर तुलसी मैया की सामुहिक पूजन अर्चन के साथ भजन कीर्तन भी करतीं हैं.

# गौर बने रायसेन कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष

**रायसेन, 5 नवंबर.** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार, डॉ रश्मि सिंह, जीएल बड़गैया, प्रदेश महासचिव प्रहलाद पटेल, रमाशंकर पटेल, विमल गौर, मनोज कुर्मी प्रदेश प्रवक्ता एवं भोपाल संभाग अध्यक्ष कुर्मी आरजी ठाकुर भोपाल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष गिरधारी कुमायूं द्वारा रायसेन निवासी वरिष्ठ पत्रकार सीएल गौर को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का रायसेन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, उनकी नियुक्ति पर बद्रीप्रसाद पठ्या, प्रकाश पठ्या, देवकरण पटेल, कन्हैयालाल गौर, रमेश गौर, विजय पटेल, देवेंद्र पटेल,



मनोज पठ्या, मिथलेश पटेल, शनि पटेल, अमर सिंह पटेल, दौलत राम गौर, मुरलीधर गौर, ओमकार गौर, नितेश गौर, रोहित पटेल, हेमराज गौर, बटन पटेल, रंजीत सिंह गौर, खेमचंद गौर, लक्ष्मी नारायण, नारायण सिंह गौर, राम गणेश गौर, टीकम सिंह, जी एल गौर, मुन्ना लाल गौर सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं साथियों ने बधाई देते हुए अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है.

**प्रदर्शन** ▸ सफाई दरोगा के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

# सिलवानी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पांच घंटे किया चक्काजाम

**सिलवानी, 5 नवंबर. बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा थाने पहुंचकर सफाई दरोगा के खिलाफ पीड़ित दुकानदारों की ओर से एफआईआर की मांग को लेकर आवेदन थाना प्रभारी को दिया गया. जिस पर थाना प्रभारी ने तत्काल प्रकरण दर्ज करने से इंकार कर दिया.**

नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहले थाने का घेराव कर नारेबाजी की और गतिरोध बढ़ने के बाद थाने के सामने राजमार्ग 44 पर बैठकर चक्काजाम प्रारंभ कर दिया. जो शाम 6 बजे एसडीएम द्वारा सफाई दरोगा के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कराने के आश्वासन के बाद चक्काजाम



समाप्त हो सका.

ज्ञातव्य हो कि नगर परिषद की सफाई दरोगा माला चंदेल द्वारा नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मतांबर और कालू मतांबर के खिलाफ गाली-गलौज का मामला दर्ज कराए जाने के बाद विवाद गहरा गया है. मामले के विरोध में बुधवार को सिलवानी थाने का घेराव किया गया. बाद में नाराज भाजपा कार्यकर्ता थाने के सामने राजमार्ग 44 पर बैठ कर चक्काजाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी. घेराव में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों ने दरोगा माला चंदेल पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की. वही बुधवार कार्तिक पूर्णिमा होने से बड़ी संख्या में नर्मदा स्नान करने आने जाने वाले श्रद्धालुओ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. वही राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई. इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला मंत्री संदीप शर्मा, सहित बड़ी संख्या में पार्षद, व्यापारी, भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद है.

> उपाध्यक्ष प्रतिनिधि का कहना था कि नगर परिषद का ऑफिस टाइम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होता है. ऐसे में देर रात बिना पूर्व सूचना और दुकानदारों को कोई जानकारी दिए, दुकानों को तोड़ देना सरासर गलत है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा इस कार्रवाई में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और प्रभावित दुकानदारों को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया. इस अचानक हुई कार्यवाही से दुकानदारों में भारी आक्रोश देखा गया. कई व्यापारियों ने बताया कि वे अपनी दुकानें बंद कर घर जा चुके थे, और उन्हें सुबह जानकारी मिली कि उनकी दुकानों के हिस्से तोड़े जा चुके हैं. इस मामले में सफाई दरोगा माला चंदेल द्वारा थाने में उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पर प्रकरण दर्ज करने आवेदन दिया गया था. पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने कलेक्टर को पुनः आवेदन कार्यवाही की मांग की गई थी जिस पर मंगलवार को सफाई दरोगा माला चंदेल के आवेदन पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मतांबर, कालू मतांबर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. जिससे इस मामले ने तूल पकड़ लिया.


**नेहरू महाविद्यालय ललितपुर (उ०प्र०)**

संस्थापित 1968

**महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में संविदा आधार पर निम्नांकित विषय में अर्ह प्रवक्ता की आवश्यकता है:-**

**विज्ञान संकाय स्नातक** - जन्तु विज्ञान- 01 पद

उपर्युक्त पद हेतु सादा कागज पर आवेदन पत्र यू०जी०सी० द्वारा निर्धारित योग्यता प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों एवं 500 रू० के क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट के साथ जो "मंत्री नेहरू महाविद्यालय ललितपुर" के नाम देय हो दिनांक 28-11-2025 तक प्रेषित करें आरक्षण उ०प्र० शासन की नीति के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा।

योग्यता - विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी. नियमन-2018) एवं उच्च शिक्षा विभाग उ.प्र. शासन के अनुसार।

**प्रोफ़े. ओमप्रकाश शास्त्री**
**प्राचार्य**
मो. - 9140981018

**प्रदीप चौबे**
**मंत्री / प्रबंधक**
मो. - 8299766227